# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

20 जुलाई 2024, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा रांची, झारखंड में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति बैठक में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है**

*****************

**झारखंड में हो रही घुसपैठ, युवाओं की नौकरियाँ खा रही है और हेमंत सोरेन सरकार वोट बैंक बढ़ाने में लगी है**

*****************

**हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में झारखंड से घट रही है आदिवासी जनसंख्या**

*****************

**झारखंड में लैंड जिहाद और लव जिहाद हो रहा है लेकिन हेमंत सोरेन और कांग्रेस चुप है**

*****************

**भाजपा सरकार वाइट पेपर लाकर आदिवासियों की भूमि, जनसंख्या और आरक्षण तीनों को सुरक्षित करेगी**

*****************

**हेमंत सोरेन सरकार वादाखिलाफी करने वाली घोटालेबाज सरकार है**

*****************

**भाजपा के चुनाव जीतने का आधार होते हैं उसके बूथ के कार्यकर्ता**

*****************

**लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी में ऐसा अहंकार आ गया है जैसे उन्हें दो-तिहाई बहुमत मिल गया हो**

*****************

**कांग्रेस में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, घोटाला, तुष्टीकरण और अन्याय करने का अहंकार है**

*****************

**गत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने झारखंड को नक्सलवाद मुक्त बनाया**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को झारखंड के रांची में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार पर जमकर निशाना साधा और एनडीए सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। श्री शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में जेएमएम सरकार को हटाकर, भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर झाराखंड भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश

प्रभारी श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री श्रीमति अन्नपूर्णा देवी, श्री संजय सेठ, असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंता बिस्व सरमा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा, झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री अमर कुमार, सांसद श्री निशिकांत दुबे, श्री दीपक प्रकाश, श्री समीर उराव एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **इस विस्तृत सम्मेलन में झारखंड के हर बूथ से कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं, इन्हीं कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है कि लोकसभा चुनाव में झारखंड की 9 सीटों पर कमल खिला है।** 2014, 2019 और 2024 में झारखंड की जनता ने भाजपा की झोली कमल से भर दी हैं। **2024 के आम चुनाव में भाजपा ने 9 सीटे जीती और विधानसभाओं के अनुसार 52 सीटों पर अपनी बढ़त भी बनाई है।** यह परिणाम स्पष्ट कर रहा है कि **झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है।** लोकसभा चुनाव में झारखंड सहित पूरे देश में भाजपा को अपना प्रचंड समर्थन प्रदान किया। **भारत के इतिहास में 60 वर्ष के बाद जनता ने किसी नेता को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री चुना और वह नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **लोकतंत्र में अहंकार विजय के बाद आता है, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी पार्टी को हारने के बाद भी अहंकार हुआ हो। देश में सरकार भाजपा और एनडीए की बनी है, मगर अहंकार कांग्रेस पार्टी कर रही है। राहुल गांधी संसद में अपने क्रियाकलापों के माध्यम से इतना अहंकार कर रहे हैं, जितना अहंकार दो तिहाई बहुमत के बाद आता है।** लोकसभा चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ और अकेले भाजपा को 240 सीटें मिली, लेकिन कांग्रेस समेत पूरे इंडी गठबंधन को 240 सीटे भी नहीं मिली, उसके बावजूद कांग्रेस अहंकार कर रही है। कांग्रेस को जितनी सीटें पिछले तीनों लोकसभा के चुनावों में मिली, उससे ज्यादा सीटें भाजपा ने 2024 के चुनाव में जीती है। **एनडीए लगातार तीसरी बार जीती है, मगर कांग्रेस तीन बड़ी हार के बाद भी अहंकार पाले हुए है।** साथ ही, **कांग्रेस को 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले, परिवारवाद, देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़, तुष्टिकरण और अन्याय का अहंकार है।** भाजपा कोई भी चुनाव जीतती है तो चुनाव जीतने का आधार मंच पर बैठे नेता नहीं, बल्कि प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता होते हैं। **पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने और सरकार के कामों को लोगों तक पहुंचाने के लिए 24 घंटे 365 दिन कार्य करते हैं।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की पहले की सरकारों ने ऐसा कोई कृत्य नहीं किया, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं को सर झुका कर रहना पड़े। भारतीय जनता पार्टी ने सदैव ऐसा शासन किया है, की पार्टी के कार्यकर्ता सीना तान कर लोगों तक अपनी बात पहुंचा सके।

श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों निशुल्क अनाज मुहैया करवाया, 13 करोड़ शौचालय का निर्माण हुआ, हर घर बिजली पहुंची, 3 करोड़ आवास बने और ₹5 लाख तक का निशुल बीमा मुहैया करवाया गया। **झारखंड हमेशा नक्सलवाद से प्रभावित था, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार और झारखंड से नक्सलवाद को समाप्त किया है।** कांग्रेस-जेएमएम और इंडी गठबंधन वाले कहते है कि उन्होंने विकास किया है, **कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में झारखंड के विकास के लिए केवल 84 हज़ार करोड़ रुपए दिए, जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में झारखंड को 3 लाख 84 हज़ार करोड़ रुपए प्रदान किए।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड का विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। ए**नडीए सरकार ने झारखंड में ₹4000 करोड़ रुपए से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए एवं ₹15000 करोड़ अतिरिक्त खर्च किए। एनडीए सरकार ने रेलवे के विकास के लिए ₹58000 करोड़ रुपए दिए, झारखंड में एम्स का निर्माण किया, देवघर को भी एयरपोर्ट दिया, ₹7500 करोड़ की सहायता से 600 मेगवाट का की परियोजनाएं शुरू की और झारखंड के लोगों के लिए कल्याण के कार्य किए है।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड का विकास भी किया है और प्रदेश को सुरक्षा भी प्रदान किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन में झारखंड के लिए विशेष स्नेह है, इसलिए **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केंद्र की बड़ी योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना,**

**मुद्रा योजना, पीएम जनधन योजना की शुरुआत झारखंड में भगवान बिरसा मुंडा के गाँव से की। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भगवान बिरसा मुंडा जी के गाँव जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री हैं।** पूरे देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है। **यहां कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए और एक मंत्री के निजी सहायक के घर से 30 करोड़ रुपए बरामद हुए।** उन्होंने कांग्रेस से सवाल पूछे **कि देश जानना चाहता है कि ये किसका पैसा है? कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों को लेकर चलने वाली पार्टी है और उन्हीं भ्रष्टाचारियों में से एक हेमंत सोरेन भी है।** कांग्रेस पार्टी अपने उस मंत्री को पुनः चुनाव में टिकट देने वाली है, जिसके निजी सहायक के घर से 30 करोड़ रुपए निकले है। **जेएमएम सरकार के शासन में ₹1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला, ₹300 करोड़ का सेना की जमीन का घोटाला, ₹1000 करोड़ का खनन घोटाला, ₹40 करोड़ का शराब घोटाला और हजारों करोड़ का ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला हुआ है। ये जेमएम की सरकार घोटाला करने वाली और वादा खिलाफी की सरकार है।**

श्री शाह ने कहा कि **एक आदिवासी मुख्यमंत्री आदिवासी भाई-बहनों की चिंता करने के बजाय जनजातीय क्षेत्रों में लैंड जिहाद और लव जिहाद को समर्थन देकर भूमि और जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहे हैं।** हजारों घुसपैठिए आदिवासी बच्चियों के साथ शादी करके प्रमाण पत्र प्राप्त कर भूमि खरीदते है। **देश भर में सबसे ज्यादा झारखण्ड में तेजी से आदिवासियों की जनसंख्या में कमी हो रही है।** उन्होंने कहा कि **झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद जनसंख्या के लिए श्वेत पत्र लाया जाएगा और आदिवासियों की भूमि, जनसंख्या एवं आरक्षण को सुरक्षित किया जाएगा। बाहर से आए घुसपैठिए राज्य के युवाओं की नौकरी खा रहे है और हेमंत सोरेन आँखें मूँद कर अपना वोट बैंक बढ़ा रहे हैं।** हेमंत सोरेन के आदिवासी कल्याण का मतलब है, केवल अपने परिवार का कल्याण करना। **देश को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री और पहली आदिवासी राष्ट्रपति संथाल समुदाय से देने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। स्वर्गीय अटल जी ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में डालने और आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाने का काम किया।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओबीसी समाज के लिया अनेकों कल्याण के कार्य किए हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओबीसी समाज के छात्रों को राष्ट्रीय परीक्षाओं में 27% आरक्षण देने का काम किया, पिछड़ा वर्ग आयोग गठन किया और पिछड़ो के आधिकार को सुरक्षित करने का काम किया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कैबिनेट के 27% मंत्री पिछड़े समाज का प्रतिनिधित्व है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने झारखंड से जेमएम की घोटालेबाज सरकार को उखाड़ फेंकने एवं झारखंड में आदिवासियों, पिछड़ो एवं समस्त झारखंड की जनता के विकास के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने का आह्वान किया।

**********************